# त्रैमासिक परीक्षा 2025-26

**विषय :- हिन्दी**

**कक्षा :- 9वी** **पूर्णांक - 75**

निर्देश : (1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।

(2) प्रश्न क्र. 1 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है जिनके लिए 1x30 अंक निर्धारित है ।

(3) प्रश्न क्र. 6 से 17 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है ।

(4) प्रश्न क्र. 21 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंकक का है।

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए -

1) वर के विमल मौर में मोती कौन पिरोने वाली है ।

अ. हवा ब. ऊषा स. निशा द. दिशा

2) अतिथि शब्द का अर्थ है ।

अ. मेहमान ब. भगवान स. मिजबान द. आतिथ्य

3) जो व्यक्ति अपनी किस्मत खुद रचते है, उन्हे कहते है

अ. साहसी ब. आलसी स. रचियता द. मेहनती

4) ईश्वर ने बैलो को नहीं दिया

अ. घर ब. वाणी स. पैसा द. भोजन

5) कबीर की भाषा है -

अ. संधुक्कड़ी ब. ब्रज स. अवधी द. मैथिली

6) गोई शब्द का अर्थ है -

अ. गाय ब. जोड़ी स. रस्सी द. आम की गुठली

प्र.2 उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति करो -

1) स्वयं की कहानी ....................कहलाती है (जीवनी/आत्मकथा)

2) अन्तरिक्ष यात्री की उम्र ..............वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। (30 वर्ष/40 वर्ष)

3) मेहमान को भोजन में सबसे ज्यादा ............पसंद था (पापड़/लड्डू)

4) झूरी के साले का नाम .............था (गया/दया)

5) मानसरोवर के जल में .................क्रीड़ा कर रहे है (हंस/बगुले)

6) विभीषिका का अर्थ................से है। (भयंकरता/डरना)

प्र.3 निम्न के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए-

1) धोखे से सफलता पाना सम्मानजनक होता है ।

2) अन्तरिक्ष यात्री को भोजन में ठोस पदार्थ दिया जाता है ।

3) हेलन केलर को तैराकी का शौक था।

4) प्रेमचन्द जी का मूल नाम धनपतराय था।

5) कबीर समाज सुधारक नहीं थे ।

6) ''इस जल प्रलय'' में पाठ के लेखक जगदीशचन्द्र माथुर है।

प्र.4 सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए–

| | |
|---|---|
| 1) सूरज का ब्याह | वैज्ञानिक 3 |
| 2) स्वल्पाहार | जलपान 2 |
| 3) साईटिस्ट | रामधारीसिंह दिनकर 1 |
| 4) काँजीलैस | बिहार 6 |
| 5) कबीरदास | मवेशीखाना 4 |
| 6) पटना | साखियाँ एवं सबद 5 |

प्र.5 निम्न प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए–

1) सहिष्णुता शब्द का क्या अर्थ है ? सभी को स्वीकार करना
2) झूरी के बैल किस नस्ल के थे ? पछाईं
3) कबीरदास जी ने ज्ञान की तुलना किससे की है। आंधी
4) भारत के अन्तरिक्ष केन्द्र का नाम क्या है ? इसरो
5) हेलन केलर की पहली गुरू कौन बनी ? एनी सुलीवन
6) ''एक दिन भुज का'' पाठ की विधा लिखिए ? डायरी

निम्न प्रश्नों के उत्तर दो

प्र.6 मिजबान लोककथा के आधार पर लिखिए की मेहमान कैसे थे ?

अथवा

निम्न शब्दो का प्रयोग कर एक एक वाक्य बनाओ – मेहमान, भोजन

प्र.7 'रन फॉर यूनिटी' मैराथन दौड़ का उद्देश्य लिखिए

अथवा

अन्तरिक्ष यात्री की उम्र क्या होनी चाहिए ?

प्र.8 डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के बचपन के मित्रो के नाम लिखिए ?

अथवा

निम्न शब्दो का वाक्य बनाओ – ईमानदार, वैज्ञानिक

प्र.9 कारक की परिभाषा लिखो, ये कितने प्रकार के होते है ?

अथवा

कारक के भेद के नाम लिखिये ?

प्र.10 पं. जसराज को कितने प्रकार के पदमविभूषण मिले थे ?

अथवा

पं. जसराज के पहला गाने का कार्यक्रम कहाँ हुआ था ?

प्र.11 मानसरोवर से कबीरदास का क्या आशय है ?

अथवा

कवि ने सच्चे प्रेमी की क्या कसौटी बताई है ?

प्र.12 झूरी के बैलों के नाम लिखिये ?

अथवा

काली लैस में कैद पशुओं की हाजरी क्यों ली जाती थी ?

प्र.13 निपात्र शब्द किसे कहते है ? उदाहरण दो

अथवा

तत्सम शब्द क्या है ? उदाहरण दो

प्र.14 मुहावरे और लोकोक्ति में कोई दो अन्तर लिखिये ।

अथवा

निम्न मुहावरे का वाक्य प्रयोग करो – फूला ना समाना, नो दो ग्यारह होना

प्र.15 देशज शब्द किसे कहते है ?

अथवा

विदेशी शब्द किसे कहते है ?

प्र.16 मृत्यु के तरल दूत किसे कहा है ।

अथवा

बाड़ पीड़ित क्षेत्र में कौन–कौन सी बीमारियाँ फैलती है ?

प्र.17 उपसर्ग किसे कहते है – उदाहरण दो ?

अथवा

प्रत्यय किसे कहते है – उदाहरण दो ?

प्र.18 1. वर्तनी किसे कहते है निम्न शब्दो की वर्तनी शुद्ध कर पुनः लिखिए – आशीवार्द, कम्पुटर

2. निम्न कोई दो शब्द के अर्थ लिखो– विमल, विटम, अतिथि, जुगत

3. निम्न कोई दो शब्दद के वाक्य बनाओ– यात्री, संस्थान, प्रयोगशाला, अंतरिक्ष

प्र.19 1. पेड़–पौधो की आवश्यकता हमें क्यो है ? अपने विचार लिखो ।

2. हमें अपने पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए क्या कदम उठायेंगे।

प्र.20 1. जीवन में जल का महत्व विषय पर एक अनेच्छेद लिखिए ।

2. स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के सम्बन्ध में दो विद्यार्थीयों के संवाद लिखिये।

प्र.21 निम्नलिखित अपठित काव्यांश अथवा पद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नो के उत्तर लिखिए –

1. मनमोहिनी प्रकृति के जो गोद में बसा है,
सुख स्वर्ग सा जहाँ है वह देश कौन सा है ।
जिसका चरण निरन्तर रत्नेश धो रहा है,
जिसका मुकुट हिमालय, वह देश कौन सा है ।

प्र.1 उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए ।

2 उपर्युक्त पक्तियों में किस देश की बात हो रही है ?

3. उपर्युक्त काव्यांश का अर्थ लिखिए ।

2. तुम हो धरती के पुत्र न हिम्मत हारो,
श्रम की पूँजी से अपना काज संवारो।
श्रम की सीपी में ही वैभव ढलता है,
तब स्वाभिमान का दीप स्वयं जलता है ।

प्र.1 उपर्युक्त काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

2 कवि के अनुसार स्वाभिमान कब जाग्रत होता है ?

3. उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए ।

अथवा

निम्न गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो -

1. यह धरती लाखों वर्ष पुरानी है बहुत दिनों तक इसमें कोई आदमी न था। एक समय ऐसा था कि इस धरती पर कोई प्राणी या प्राणवान वस्तु न थी । आज यह दुनिया हर तरह के आदमियों और जानवरों से भरी है एक समय ऐसा था जब धरती बहुत गर्म थी, इसलिए कोई जानदार चीज इस पर नहीं रह सकती थी। यह सब बातें हमें किताबों से मिली है। इसलिए हमें पुस्तकों/किताबो को मित्र बनाना चाहिए, ताकि हम अतीत की जानकारी के साथ भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकें।

प्र.1 मार्ग और धरती शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए ?

2. यह धरती कितने वर्ष पुरानी है ?

3. हमें पुस्तकों/किताबों को मित्र क्यों बनाना चाहिए ?

2. मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है । समाज से अलग उसके अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। परिचित तो बहुत होते है, पर मित्र बहुत कम होते है। क्योंकि मैत्री एक ऐसा भाव है, जिसमें प्रेम के साथ समर्पण और त्याग की भावना मुख्य होती है । मैत्री में सबसे आवश्यक है, परस्पर विश्वास । मित्र ऐसा सखा, गुरू और भाता है, जो सबके स्थानों को पूर्ण करता है।

प्र.1 उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ?

2. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए ?

3. मैत्री में कौन-कौन से भाव सम्मिलित है ?

प्र.22 अपने कक्षा अध्यापक को चार दिन के अवकाश हेतु आवेदन लिखिए ।

अथवा

अपने मित्र को जन्म दिवस के उपलक्ष्य में बधाई पत्र लिखिए।

प्र.23 निम्न में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित सारगर्भित निबन्ध लिखों

1. पर्यावरण प्रदूषण - कारण व निदान
2. जीवन में खेलो का महत्व
3. विज्ञान के बड़ते चरण
4. मोबाइल फोन के लाभ एवं हानि
5. प्रिय त्यौहार